समाचार

# जलकर की वसूली व जल की बचत एवं उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने निगम संचालित करेगा '' मिशन वरूण ''

## (महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत शुक्रवार को '' मिशन वरूण '' का करेंगी शुभारंभ)

## (निगम के 67 वार्डो में तैनात होंगी 67 टीमें, प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक चलाएंगी '' मिशन वरूण '')




कोरबा 12 नवम्बर 2025 –नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा जलकर की वसूली करने के साथ–साथ जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति आमजन को जागरूक करने एवं जल का अपव्यय रोकने हेतु '' मिशन वरूण '' का संचालन किया जाएगा। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत शुक्रवार 14 नवम्बर को '' मिशन वरूण '' का शुभारंभ करेंगी, वहीं आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने '' मिशन वरूण '' के सफल संचालन हेतु निगम के सभी 67 वार्डो के लिए 67 टीमें गठित कर मिशन की मंशा के अनुरूप पूर्ण निष्ठा के साथ दायित्व निर्वहन के निर्देश टीमों को दिए हैं।

जल ही जीवन है तथा जल की एक–एक बूंद कीमती है..... कहते हैं कि अगला विश्वयुद्ध कहीं जल को लेकर ही न हो..... बस इसी अवधारणा से जल की महत्ता व उसकी कीमत का अनुमान लगाया जा सकता है, फिलहाल हमारे कोरबा में जल की उपलब्धता बनी हुई है, इसलिए हम जल की कीमत को कमतर ऑक रहे है, किन्तु जल की कीमत क्या है..... यह उनसे पूछा जाए जो पानी की किल्लत से जूझ रहे हैं..... एक–एक घड़े पानी के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं, तब हमें सही अर्थो में ज्ञात होगा कि जल कितना कीमती है। यदि हम आज नहीं चेते..... पानी की बर्बादी को नहीं रोका..... तो वह दिन भी दूर नहीं जब हमें भी पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ेगा। हम सब जल की बचत व उसकी उपयोगिता के प्रति जागरूक हों..... हम यह जाने कि हमारे घरों के नलों में सुबह–शाम जो शुद्ध पेयजल पर्याप्त मात्रा में पहुंच रहा है, उसको वहॉ तक शुद्ध रूप से पहुंचाने में निगम के

कितने संसाधन लगे हैं..... कितना परिश्रम लगा है..... उस जल की कीमत क्या है, बस हमें यही सब जानने–समझने का अवसर देगा निगम का '' मिशन वरूण '', जिसकी शुरूआत शुक्रवार 14 नवम्बर से होगी तथा महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के हाथों मिशन का शुभारंभ किया जाएगा।

**67 वार्डो हेतु 67 टीमें** – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के निर्देश पर '' मिशन वरूण '' के सफल संचालन हेतु निगम के सभी 67 वार्डो के लिए कुल 67 टीमें गठित की गई हैं, यह टीमें प्रतिदिन प्रातः 07 बजे से 09 बजे तक वार्ड व बस्तियों में पहुंचकर घर–घर दस्तक देगी, जलकर की वसूली करेगी तथा लोगों को जल की बचत करने व पानी का अपव्यय रोकने के प्रति जागरूक करेगी।

**जलकर की वसूली के साथ जनजागरूकता प्रमुख उद्देश्य** – '' मिशन वरूण '' का प्रमुख उद्देश्य जलकर की वसूली करने के साथ–साथ पानी की बर्बादी रोकने व जल की उपयोगिता एवं बचत हेतु लोगों को जागरूक करना है। जलकर वसूली के मामले में अभी निगम लक्ष्य से काफी पीछे है, लोग जलकर की राशि अदा करने के प्रति उदासीन है, यदि जलकर का भुगतान समय पर नहीं किया गया तो धीरे–धीरे इस राशि में प्रतिमाह वृद्धि होती जाएगी एवं फिर इसे पटा पाना काफी मुश्किल होगा, लोगों पर अनावश्यक करभार बना रहेगा।

**एक माह तक पर्याप्त शुद्ध पानी के बदले केवल 200 एवं 60 रू.** – निगम का '' मिशन वरूण '' आम लोगों को बताएगा कि आपके घर में एक माह तक प्रतिदिन सुबह–शाम शुद्ध व पर्याप्त पेयजल पहुंचाने के बदले में आपसे केवल 200 रूपये या केवल 60 रूपये मात्र लिया जा रहा है, क्योंकि अब निगम सम्पत्तिकर दाताओं से 200 रूपये व गैर सम्पत्तिकर दाताओं से केवल 60 रूपये प्रतिमाह जलकर की वसूली करेगा।

**बेस्ट परफार्मेन्स पर टीमें होंगी पुरस्कृत** – '' मिशन वरूण '' की उन ऐसी टीमों को, जो कि बेस्ट परफार्मेन्स देंगी तथा औसत एवं कुल जलकर की वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करेंगी या लक्ष्य के नजदीक पहुंचेगी, उन्हें निगम द्वारा सम्मानित व पुरस्कृत किया जाएगा, साथ ही अन्य टीमों को प्रोत्साहित किया जाएगा कि वे '' मिशन वरूण '' की सफलता हेतु अपना–अपना सर्वश्रेष्ठ दें, जलकर वसूली के लक्ष्य को प्राप्त करें तथा मिशन को सफल बनाएं।